वन उत्पादकता संस्थान, रांची

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के वानिकी स्नातक विद्यार्थियों का एक दिवसीय संस्थान भ्रमण

दिनांक 21.11.2019 को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, रांची के वानिकी स्नातक विभाग के विद्यार्थियों के एक दल द्वारा डॉ. रास बिहारी साह के नेतृत्व में संस्थान का भ्रमण किया गया। इस अवसर पर उन्हे संस्थान में चल रहे अनुसंधान गतिविधियों से अवगत कराया गया।

विद्यार्थियों को संस्थान के मृदा प्रयोगशाला एवं उत्तक संवर्धन प्रयोगशाला का भ्रमण कराया गया। मृदा प्रयोगशाला में श्री सतीश कुमार,तकनीकी अधिकारी एवं श्री कनाई लाल डे,वरिष्ठ तकनीकी सहायक ने मृदा जांच,पी.एच तथा मृदा के अंतर्गत पाये जाने वाले तत्व जो कृषि एवं वानिकी के लिए सुलभ हैं पर चर्चा की गयी। श्री आतनु सरकार,वरिष्ठ तकनीशियन ने उत्तक संवर्धन द्वारा पौधे विकसित किए जाने के विधि पर चर्चा की।

श्री रवि शंकर प्रसाद,मुख्य तकनीकी अधिकारी एवं श्री सूरज कुमार तकनीकी सहायक ने बांस उपवन तथा औस उपवन का भ्रमण करवाया एवं उनके प्रश्नों के उत्तर दिये।

संस्थान में श्री रवि शंकर प्रसाद,मुख्य तकनीकी अधिकारी एवं श्री एस.एन.वैद्य, मुख्य तकनीकी अधिकारी ने विद्यार्थियों के साथ कृषि वानिकी,लाह-कृषि एवं बांस कृषि पर भी चर्चा की । कुल बारह विद्यार्थियों ने इसमें भाग लिया । इस कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री रवि शंकर प्रसाद,मुख्य तकनीकी अधिकारी,श्री एस.एन.वैद्य,मुख्य तकनीकी अधिकारी एवं श्री सूरज कुमार,तकनीकी सहायक का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

विद्यार्थियों द्वारा मृदा प्रयोगशाला का भ्रमण एवं चर्चा

विद्यार्थियों द्वारा जैव प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला का भ्रमण एवं चर्चा

विद्यार्थियों द्वारा बांस उपवन तथा औस उपवन का भ्रमण

विद्यार्थियों द्वारा कृषि वानिकी,लाह-कृषि एवं बांस कृषि पर चर्चा